# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 दिसंबर, 2023

अंक : 490


## वेकोलि में कोल इंडिया अंतर कंपनी पॉवरलिफ़्टिंग, वेटलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता 2023-24 संपन्न

### डब्ल्यूसीएल की टीम विजेता, एससीसीएल की टीम रही उप-विजेता



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 04 से 06 दिसंबर, 2023 तक "कोल इंडिया अंतर कंपनी पॉवरलिफ़्टिंग, वेटलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता 2023-24" का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में डब्ल्यूसीएल की टीम विजेता तथा एससीसीएल की टीम रही उप-विजेता रही।

टूर्नामेंट में एमसीएल के श्री संग्राम मुंडे 'मिस्टर कोल इंडिया' बने। साथ ही, एसईसीएल के श्री विष्णु प्रसाद ने स्ट्राँग मैन ऑफ़ कोल इंडिया, सीआईएल की सुश्री सूमिता लाहा ने स्ट्रॉंग वूमेन ऑफ़ कोल इंडिया तथा एनसीएल के श्री अनूप कुमार ने बेस्ट लिफ़्टर ऑफ़ कोल इंडिया का ख़िताब जीता। इस प्रतियोगिता में सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता के अंतिम दिवस पर समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे पी द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित थे।

सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शारीरिक तथा मानसिक सबलता के लिए खेल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से सभी में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा अच्छे खिलाड़ियों को बेहतर करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विजेताओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी और अन्य टीमों को भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया तथा सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



संचालन समिति के सदस्य श्री फ्रांसिस दारा ने भी अपने उद्बोधन में विजेता तथा उप-विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

सभी विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित रहे। दर्शक दीर्घा में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने किया।





## विप्स डब्लूसीएल को मिला बेस्ट एक्टिविटी अवार्ड



वुमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), डब्लूसीएल को वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट एक्टिविटी अवार्ड' से नवाज़ा गया। यह पुरस्कार, दिनांक 09.12.2023 को छत्तीसगढ़ बिलासपुर में आयोजित, विप्स के 31वे पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन में एसईसीएल के सीएमडी डॉ. पी. एस. मिश्रा एवं रायगढ़ की एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस श्रीमती सुरेशा चौबे के द्वारा प्रदान किया गया। विप्स डब्लूसीएल की ओर से अध्यक्षा (पश्चिम क्षेत्र) श्रीमती अनुपमा टेमुर्णीकर, कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुजाता सरमुकद्दम, को-कोऑर्डिनेटर श्रीमती मेधा हरदास, सचिव सुश्री अंकिता घोष, कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योति वर्मा, संयुक्त सचिव द्वय श्रीमती ज्योति हुमने एवं सुश्री पूजा शाह्दानी, संयुक्त कोषाध्यक्ष सुश्री वर्षा पुडके, कार्यकारिणी सदस्य सुश्री कावेरी मोटघरे एवं सुश्री ख्याति महतो तथा सदस्यों ने ग्रहण किया।

पुरस्कार जीतने के उपरान्त, विप्स डब्लूसीएल की टीम ने सीएमडी, डब्लूसीएल, श्री मनोज कुमार से भेंट कर उन्हें इस पुरस्कार एवं अपने कार्यों की जानकारी दी। श्री मनोज कुमार ने विप्स डब्लूसीएल को बधाई देते हुए उनके द्वारा वर्ष भर किए सकारात्मक कार्यों को सराहा। अपने संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के उत्थान में महिलाओं की भूमिका अहम होती है। अतः उन्होंने सबसे अपना उत्कृष्ट कार्य जारी रखने को कहा।

इसी क्षेत्रीय सम्मेलन में डब्लूसीएल मुख्यालय की श्रीमती स्वाति सक्सेना को स्लोगन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

ज्ञात हो कि विप्स डब्लूसीएल द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण के तारतम्य में विशेष कार्य किए गए है। इन में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता शिविर, रक्त दान शिविर, योगा शिविर, पोषण सम्बन्धी जागरूकता, यूटेराइन कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आदि का आयोजन शामिल है। इन कार्यों के साथ ही वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय योगदान, स्कूली बच्चों में सामग्री का वितरण, वुमनस डे, नर्सेज डे, मदर्स डे के उपलक्ष में कार्यक्रम जैसे अनेक कार्यों का भी समावेश है।

## बाबासाहब की पुण्यतिथि पर वेकोलि की श्रद्धांजलि



वेकोलि में दिनांक 06.12.2023 को संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कंपनी मुख्यालय में आयोजित समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री मनोज कुमार ने बाबासाहब के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी उपस्थितों से बाबासाहब के आदर्शों पर अमल करने का आह्वान किया। समारोह में महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मियों ने बाबासाहब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया।





## हिंदी सलाहकार समिति द्वारा वेकोलि में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग की समीक्षा



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दौरे पर पधारे श्री विनय प्रीत सिंह, सदस्य, हिंदी सलाहकार समिति, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 14.12.2023 को मुख्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग की स्थिति एवं राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने कंपनी द्वारा किए जा रहे राजभाषा संबंधी कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और सराहना करते हुए हिन्दी के संवर्धन के लिए सुझाव भी दिए।

समीक्षा बैठक के आरंभ में उप महाप्रबंधक (का.) औद्योगिक संबंध एवं राजभाषा प्रमुख श्री आर. के. सिंह ने श्री विनय प्रीत सिंह का स्वागत किया। समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री पी. नरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक/अधि. स्था.) श्री ए. के. सिंह तथा अन्य अधिकारी गण प्रमुखता से उपस्थित थे।

बैठक के उपरांत श्री विनय प्रीत सिंह ने कंपनी के निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अनिल कुमार सिंह से भेंट की तथा वेकोलि में हिंदी भाषा के व्यापक प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की।





## डिजिटल इंडिया के सेल्फ़ी पॉइंट को सभी ने किया पसंद



वेकोलि मुख्यालय में लगाया गया डिजिटल इंडिया का सेल्फ़ी पॉइंट सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है I इस सेल्फ़ी पॉइंट को हर कोई पसंद कर रहा है तथा पॉइंट पर अपनी तस्वीर ले रहा है। इस सेल्फ़ी पॉइंट में देश में हो रही प्रगति को रेखांकित किया गया है। यही वजह है कि यहाँ तस्वीर लेनेवालों के चेहरे पर मुस्कान के साथ भारत के प्रति अभिमान भी साफ़ दिखता है। इसी तरह के डिजिटल इंडिया के सेल्फ़ी पॉइंट, मुख्यालय के साथ वेकोलि के इंदोरा पार्क, नागपुर तथा सावनेर स्थित ईको-पार्क में भी लगाए गए है।








वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।